एनपीएस वात्सल्य योजना

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट में नाबालिगों के लिये एक **नई पेंशन योजना के रूप में घोषित NPS वात्सल्य योजना का** अनावरण किया।

- इस योजना के तहत वात्सल्य खाता **खोलने के लिये न्यूनतम 1,000 रुपये का प्रारंभिक योगदान आवश्यक है।** खाता बनाए रखने के लिये धारकों को प्रतिवर्ष **1,000 रुपये का वार्षिक योगदान करना होगा।**
  - वयस्क होने (18 वर्ष) पर खाता स्वचालित रूप से मानक राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) **खाते में परिवर्तित हो जाता है। पेंशन तभी** प्राप्त होगी जब वे 60 वर्ष के हो जाएंगे।
- इसका विनियमन और प्रशासन पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) द्वारा किया जाएगा और **नए पंजीकृत नाबालिगों** को **स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (PRAN) कार्ड जारी किये** जाएंगे।

और पढ़ें: केंद्रीय बजट 2024-2025, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nps-vatsalya-scheme